GOVT. MEERA GIRLS COLLEGE UDAIPUR

राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत संकाय सदस्यों को उनके संबंधित विषयों में अद्यतन ज्ञान संवर्द्धन, शोध अभिवृत्ति प्रोत्साहन, कमा अध्यापन कौशल विकास एवं नयाचार परक शिक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा शान गंगा कार्यक्रम आरंभ किया है। जिसके अंतर्गत बीकानेर कॉलेज, कला सीकर एवं कन्या महाविद्यालय द्वारा शोर्ट टर्म प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाए गए। इन कार्यकर्मों के लाभार्थी शिक्षकों द्वारा दिये गये फीडबैक एवं शिक्षा गुणवत्ता सुधारने में इस कार्यक्रम की उपादेयता को देखते हुए इसे वृहद स्तर पर क्रियान्वित करवाने के लिए 11 जनवरी से 20 फरवरी 2021 तक 5 चरणों में 23 राजकीय महाविद्यालयों को ज्ञान गंगा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन का दायित्व दिया है। इन महाविद्यालय द्वारा कुल 46 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे।
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डाॅ. निधि श्रीवास्तव ने बताया कि ज्ञान गंगा कार्यक्रम के बारे में आयुक्त कॉलेज शिक्षा संदेश नायक द्वारा जारी निर्देशों में नई शिक्षा नीति 2020 में दिये गये निर्देशों के अनुसार विभागीय स्तर पर शिक्षा में गुणवत्ता सुधार, शिक्षक गुणवत्ता संपर्खन एवं प्रनावी शिक्षण व्यवस्था के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें से ज्ञान गंगा एक उपागम है। उन्होंने बताया कि इस ज्ञान गंगा कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का अब तक का प्रदर्शन काफी प्रभावी एवं सकारात्मक फीडबैक रहा है।
उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षक की मांग भी बन गया है इसलिए इसे बड़े स्तर पर आरंभ करवाया जा रहा है । शान गंगा कार्यक्रम में प्रत्येक विषय के अंतर्गत 6 दिन के शोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाए जाएगे। जिसमें राज्य के महाविद्यालयों के श्रेष्ठ शिक्षकों, विश्वविद्यालय से आमंत्रित संकाय सदस्यों एवं राज्य के बाहर के श्रेष्ठ शोधपरक अभिवृत्ति वाले शिक्षाविदों को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमन्त्रित किया जाएगा ।
यह कार्यक्रम शिक्षकों में शोध अभिवृत्ति की भी प्रोत्साहित करेगा। इन कार्यक्रमों का आयोजक महाविद्यालयों में स्थापित नवाचार कौशल विकास प्रकोष्ठ के द्वारा करवाने के निर्दश दिए गए हैं। साथ ही राज्य स्तर पर उस योजना की क्रियान्वित की मॉनिटरिंग एवं कोआर्डिनेशन हेतु आयुक्तालय के नयाचार प्रकोष्ठ को प्रभारी बनाया गया।

--
Principal,
Government Meera Girls College,
Udaipur 313001
India